INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: - 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Date of submission: 30-08-22**
Worksheet No: 3	**Topic:** अर्थग्रहण	**Note: Pl. file in portfolio**

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

एक गुरु के दो शिष्य थे। पहला शिष्य पढ़ाई में बहुत होशियार था और दूसरा शिष्य कमज़ोर। पहले शिष्य की हर जगह प्रशंसा होती थी जबकि दूसरे शिष्य की लोग उपेक्षा करते थे। एक दिन गुस्से में दूसरा शिष्य गुरु के पास जाकर बोला, 'गुरुजी ! मैं उससे पहले से आपसे ज्ञान प्राप्त कर रहा हूँ । फिर भी आपने उसे मुझसे अधिक शिक्षा दी।'

गुरुजी ने कहा, 'पहले तुम एक कहानी सुनो। एक मुसाफिर कहीं जा रहा था। रास्ते में मुसाफिर को प्यास लगी। थोड़ी दूर पर उसे कुआँ मिला। वहाँ बाल्टी तो थी लेकिन रस्सी नहीं थी। इसलिए वह आगे बढ़ गया। थोड़ी देर बाद एक दूसरा मुसाफिर वहाँ पहुँचा। कुएँ पर रस्सी न देखकर उसने इधर-उधर देखा। पास में ही बड़ी-बड़ी घास उगी थी। उसने घास उखाड़कर रस्सी बनानी शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक लंबी रस्सी तैयार हो गई, जिसकी सहायता से उसने कुएँ से पानी निकाला और अपनी प्यास बुझा ली।'

गुरुजी ने उस शिष्य से पूछा, 'अब तुम मुझे यह बताओ कि प्यास किस मुसाफिर को ज़्यादा लगी थी?' शिष्य ने उत्तर दिया कि दूसरे को। गुरुजी बोले, 'प्यास दूसरे मुसाफिर को ज़्यादा लगी थी। यह हम इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उसने प्यास बुझाने के लिए परिश्रम किया। उसी तरह तुम्हारे सहपाठी में ज्ञान की प्यास है। जिसे बुझाने लिए वह कठिन परिश्रम करता है। जबकि तुम ऐसा नहीं करते।'

दूसरे शिष्य को अपने प्रश्न का उत्तर मिल चुका था। वह भी कठिन परिश्रम में जुट गया।

1. गुरु जी के कितने शिष्य थे ?

   क. बीस   ख. दस   ग. दो   घ. चार

2. गुरूजी का दूसरा शिष्य कैसा था ?

   क. नादान   ख. कमज़ोर   ग. मेहनती   घ. आलसी

3. रास्ते में किसे प्यास लगी?

   क. मुसाफिर को   ख. गाय को

   ग. मालिक को   घ. चोरों को

4. दूसरे मुसाफिर ने घास उखाड़कर क्या बनाया ?

   क. घर की छत   ख. रस्सी

   ग. खाट   घ. झाड़ू

5. किसकी सहायता से दूसरे मुसाफिर ने कुएँ से पानी निकाला और अपनी प्यास बुझा ली।

   क. लोगों की सहायता से   ख. मटके की सहायता से

   ग. जादू की सहायता से   घ. रस्सी की सहायता से

6. गुरू जी की कहानी के अनुसार किसे अधिक प्यास लगी थी ?

   क. राजा को   ख. भिखारी को

   ग. दूसरे मुसाफिर को   घ. संत को

7. सही (✓) या गलत (×) बताइए |

   i) पहला शिष्य पढ़ाई में बहुत होशियार था| ( )

   ii) दूसरे शिष्य की हर जगह प्रशंसा होती थी| ( )

   iii) दूसरे मुसाफ़िर ने प्यास बुझाने के लिए परिश्रम किया था | ( )

   iv) गुरूजी की कहानी सुनकर दूसरा शिष्य सो गया।   ( )

8. दिए गए शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए |

   कम = ...   अज्ञान = ...

****